

# 6 बराबर बाँटो

मंगल अपने चाचा जी के साथ मेला देखने गया। मेले में उसके तीन दोस्त हीरा, शालू और डेविड मिले। चाचा जी उनसे मिलकर बहुत खुश हुए। चारों दोस्तों ने मिलकर खूब मजा किया। चाचा जी ने 8 केले खरीदे। मंगल को केले देकर कहा– आपस में बराबर बाँट कर खाना।

मंगल ने कैसे बराबर बँटवारा किया होगा ?

**आओ देखें**



| | हीरा | डेविड | शालू | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| पहले दिया सबको 1–1 केला– |  | | | |
| फिर दिया 1–1 केला– |  | | | |
| सबको मिले– | 2 | 2 | 2 | 2 |

सभी केले बराबर–बराबर बँट गए। सबको मिले 2–2 केले। मंगल बराबर–बराबर केले बाँटकर खुश है।

**इसे ऐसे समझें–**

8 केले बाँटे गये 4 में बराबर–बराबर

8–4 = 4 (4, एक बार बाँटा या घटाया)

अब बचे 4 केले — 4–4 = 0 (4, दूसरी बार बाँटा या घटाया)

8 4 लोगों में 2 बार बँटे। सबको मिले 2–2

ऐसे भी करके देखें– 8 ÷ 2 = 4 या 2 ) 8 ( 4

$$\begin{array}{r} 2\,)\,8\,(\,4 \\ -\,8 \\ \hline 0 \end{array}$$

भाग करने या बराबर–बराबर बाँटने का चिह्न है ÷

थोड़ी देर बाद चाचा जी ने बच्चों के लिए 20 टॉफी खरीदी। शालू बोली– चाचा जी टॉफी मैं बाँटूंगी, बराबर–बराबर।

चाचा जी ने सभी 20 टॉफी शालू को दे दी।

शालू ने 20 टॉफी को 4 लोगों में बराबर–बराबर कैसे बाँटा ?

तुम भी करो–

| | मंगल | डेविड़ | हीरा | शालू | |
|---|---|---|---|---|---|
| पहले दी सबको 1–1 | | | | | टॉफी बची 20–4 =16 |
| फिर दी 1–1 टॉफी | | | | | अब बचीं 16 –....=.... |
| फिर दी 1–1 टॉफी | | | | | अब बचीं .....–....=.... |
| फिर दी 1–1 टॉफी | | | | | अब बचीं .....–....=.... |
| फिर दी 1–1 टॉफी | | | | | अब बचीं .....–....=.... |

सभी 20 टॉफी बँट गईं बराबर–बराबर। सबको मिलीं 5–5 ।

शालू टॉफी बाँटकर खुश थी।

ऐसे भी करो–

20 टॉफी बाँटीं 4 में बराबर–बराबर

20–4 = 16 (4, एक बार बाँटा या घटाया)

अब बचीं 16, 16–4 = ....... (4, दूसरी बार बाँटा या घटाया)

अब बचीं ......,   ......−4 = .......   (4, ...........बार बाँटा या घटाया)

अब बचीं ......,   ......−4 = .......   (4, ...........बार बाँटा या घटाया)

अब बचीं ......,   ......−4 = .......   (4, ...........बार बाँटा या घटाया)

20 टॉफी 4 लोगों में .......... बार बँटीं, सबको मिलीं ............

अब ऐसे करो–   20 ÷ 4 = .......... या   4 ) 20 ( ......

− ......

00

गिनो और दो बराबर भागों में बाँटो–




हर भाग में कितनी  हैं?........

करके देखो–

तीनों प्लेट में बराबर–बराबर लड्डू रखो–





कितने लड्डू ? ..........   .....लड्डू   .....लड्डू   .....लड्डू

7 डिब्बों में बराबर–बराबर गोलियाँ रखो–






कितनी गोलियाँ ? ..........

हर डिब्बे में कितनी गोलियाँ ?..............

बराबर–बराबर बाँटो–

6 केले तीन बंदरों में





6 ÷ 3 = ............

सोचो–

- अगर 60 केले हों और 3 बंदरों में बराबर–बराबर बाँटने हों, तो हर बंदर को कितने केले मिलेंगे?
- 60 केलों को दो बंदरों में बाँटना पड़े तो हर बंदर को कितने केले मिलेंगे?

बटन लगाओ–



24 बटन हैं।

दर्जी हर कमीज में 4–4 बटन लगाता है, तो 6 कमीजों में बटन लगती हैं।

24 ÷ 4 = 6

- यदि हर कमीज में 6–6 बटन लगानी हों, तो ....... कमीजों में बटन लगेंगी।

  24 ÷ 6 = ............

समझो–

24 ÷ 4 का मतलब, 24 में 4, 6 बार शामिल है।


24 ÷ 6 का मतलब, 24 में 6, 4 बार शामिल है।


तुम बताओ–

16 ÷ 2 का मतलब, 16 में 2, ........ बार शामिल है।

> बच्चों को वस्तुओं के समूह को बराबर–बराबर बाँटने और भाग की प्रक्रिया को समझने का पर्याप्त अवसर दें।







## इससे सीखा

- वस्तुओं के समूह को बराबर–बराबर हिस्सों में बाँटना भाग है।
- किसी वस्तु की कुल संख्या में से एक ही संख्या को बार–बार घटाने की क्रिया भी भाग है।
- भाग करने पर पता चलता है कि किसी संख्या में कोई संख्या कितनी बार शामिल है।

## अभ्यास



1. नीचे बनी गोलियों को 6 बराबर भागों में बाँटो ?



2. पहाड़ा प्रयोग कर, भाग करो–

   9÷3 = ................ (संकेत– तीन, तियाँ नौ)

   20÷5 = ................ (संकेत– पाँच, चौके बीस)

3. क. 4 ) 20 (     ख. 6 ) 36 (     ग. 9 ) 63 (

4. 12 अमरूदों को चार बच्चों में बराबर–बराबर बाँटो।

5. एक टोकरी में 16 डिब्बे हैं। यदि एक बार में 4 डिब्बे निकालें तो सभी डिब्बे कितनी बार में निकल जाएँगे ?



6. 25 पेंसिल को 5 बच्चों में बाँटना है। हर बच्चे को कितनी पेंसिल मिलेंगी ?